बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-06
05/01/2019

पूर्व मंत्री बसंत सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की
राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना, 05 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री बसंत सिंह के निधन पर गहरी शोक–संवेदना प्रकट करते हुये उनके प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनका राजनीति के क्षेत्र में अहम योगदान था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

पूर्व मंत्री बसंत सिंह जी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****